AMAR UJALA MY CITY PAGE 7

आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस में एथिक्स पढ़ेंगे विद्यार्थी

लविवि के कंप्यूटर विज्ञान विभाग में शामिल किए गए प्रश्नपत्र

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। वर्तमान में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) पर जहां कई तरह के सवाल उठाए जा रहे हैं। ऐसे समय में लखनऊ विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों को एआई के एथिक्स (नीतिशास्त्र) पढ़ाने का निर्णय लिया है। कंप्यूटर साइंस विभाग में कई नए पेपर शुरू किए गए हैं। इन्हें विद्यार्थी परास्नातक के कोर्स में पढ़ सकेंगे। इसे हाल फैकल्टी बोर्ड से अनुमोदन मिल गया है। आगामी सत्र से विद्यार्थी सभी नए प्रश्नपत्रों को पढ़ पाएंगे।

लविवि में कंप्यूटर विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. पुनीत मिश्रा ने बताया कि परास्नातक के तीसरे और चौथे सेमेस्टर में छात्र एआई के एथिक्स के बारे में शिक्षा प्राप्त करेंगे। यहां उन्हें इसके सकारात्मक और नकारात्मक प्रभाव के बारे में पढ़ाया जाएगा। साथ ही कई तरह की केस स्टडी भी बताई जाएगी। इससे वह मानवीय व्यवहार और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की अंतर व्यावहारिकता समझ सकेंगे।

फैकल्टी बोर्ड ने दिया अनुमोदन आगामी सत्र से होंगे प्रभावी

परास्नातक में सिलेबस पुर्ननिर्धारण में मल्टी एजेंट सिस्टम, एथिकल रिसांस्क्वल, कंप्यूटेशनल इंटेलीजेंस एंड डीप लर्निंग, वेब डेटा एनालिसिस और टेक्सट एनालिसिस जैसे पेपर शामिल किए गए हैं। इसमें विद्यार्थी इच्छानुसार वैकल्पिक पेपर का चयन भी कर पाएंगे। डॉ. पुनीत ने बताया कि सिलेबस में ध्यान रखा गया है कि छात्र-छात्राएं एआई के सोसाइटी, ह्यूमन साइकोलॉजी, इंवायरमेंट और लीगल प्रभाव के बारे में भी जानकारी हासिल कर पाए।

ले सकेंगे विशेषज्ञता

डॉ. पुनीत ने बताया कि एमएससी कंप्यूटर साइंस में छात्र-छात्राएं अब एआई और साइबर सिक्योरिटी में विशेषज्ञता हासिल कर सकेंगे। यह सुविधा परास्नातक के एक वर्षीय पाठ्यक्रम में मिलेगी। नए सत्र से पहली बार एक वर्षीय एमएससी कंप्यूटर साइंस कोर्स शुरू होगा। इस क्षेत्र में रोजगार की दृष्टि से अवसर भी अधिक होंगे। अभी तक दो वर्ष के एमएससी के कोर्स में चौथे सेमेस्टर में इलेक्टिव पेपर के रूप में दो विकल्प दिए जाते थे। इनमें से एक पेपर लेना होता था। कोर्स में इंडस्ट्री के सहयोग से प्रोजेक्ट दिए जाएंगे, जिसके अनुभव से उन्हें प्लेसमेंट के अवसर प्राप्त होंगे।

लविवि ने नेपाल में जीत से किया आगाज

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की टीम ने त्रिभुवन यूनिवर्सिटी, काठमांडू (नेपाल) में खेले जा रहे टी-20 जय नेपाल कप क्रिकेट टूर्नामेंट में दिल्ली विश्वविद्यालय को पांच विकेट से हराकर शानदार शुरुआत की।

पहले बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली विश्वविद्यालय ने 20 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 106 रन बनाए। शलभ सिन्हा ने सबसे ज्यादा 41 रन बनाए। लखनऊ विश्वविद्यालय से आनंद सागर ने 15 रन देकर तीन विकेट झटके। सैयद मोहम्मद मेहंदी को दो विकेट मिले।

जवाब में लखनऊ विश्वविद्यालय ने 18.2 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। विजेता टीम से मनन कांडपाल ने सबसे ज्यादा 36 और यशवर्धन सिंह ने 27 रन की पारी खेली। क्रीड़ा परिषद के महासचिव प्रो. अजय कुमार आर्य ने बताया कि यह विवि की किसी भी इंटरनेशनल टूर्नामेंट में पहली जीत है। उम्मीद है कि यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। (माई सिटी रिपोर्टर)

NBT PAGE 5

'कुंभ और प्रकृति' पर हुई चर्चा

■ NBT न्यूज, लखनऊः हैप्पी थिंकिंग लेबोरेटरी और काउंसलिंग एंड गाइडेंस सेल ने लोक भारती के साथ मिलकर गुरुवार को अपनी पहल 'आओ नदियों को जानें' के तहत कुंभ और प्रकृति पर एक इंटरफेस कराया। इस दौरान अतिथि वक्ता गोपाल उपाध्याय, श्री कृष्ण चौधरी, लोक भारती मौजूद रहे। वक्ताओं ने कुंभ के महत्व और कुंभ के अलग-अलग प्रकारों, उनके होने और खगोलीय, समाजशास्त्रीय, स्वास्थ्य, धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण से उनके महत्व के बारे में बताया।

कुंभ के खोया पाया केंद्र में LU का सहयोग

■ NBT न्यूज, लखनऊः लखनऊ यूनिवर्सिटी का समाज कार्य विभाग महाकुंभ 2025 के दौरान खोया पाया (डिजिटल) केंद्र पहल को मजबूत करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार और यूनिसेफ के साथ सहयोग कर रहा है। एलयू की ओर इस प्रोजेक्ट के मुख्य कार्यकारी समाज कार्य विभाग के प्रोफेसर डॉ. अनूप कुमार भारतीय हैं। प्रयागराज में 26 फरवरी तक कुंभ का आयोजन हो रहा है।

एलयू कुलपति ने सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर चढ़ाए फूल

■ NBT न्यूज, लखनऊः लखनऊ यूनिवर्सिटी के सुभाष हॉल में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती गुरुवार को मनाई गई। इस मौके पर कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। साथ ही प्रति कुलपति प्रो. मनुका खन्ना, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. वीके शर्मा, चीफ प्राक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी, चीफ प्रोवोस्ट प्रो. अनूप कुमार सिंह, कुलसचिव विद्यानंद त्रिपाठी और सुभाष हॉल के प्रोवोस्ट डॉ. एसपी कन्नौजिया समेत कई शिक्षक व शिक्षिकाएं और छात्र मौजूद रहे।

JAGRAN CITY PAGE III

राष्ट्रीय युवा संसद के लिए लवि की टीम रवाना

जासं • लखनऊ : लवि की टीम 24-25 जनवरी को राजस्थान विधानसभा, जयपुर में आयोजित नेशनल इनवायरमेंट यूथ पार्लियामेंट में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी। गुरुवार को इसके लिए टीम रवाना हो गई। पर्यावरणीय मुद्दों पर युवाओं को जागरूक करना और उनके नेतृत्व कौशल को विकसित करने के लिए उद्देश्य से यह आयोजन किया गया है। इस राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम के लिए चयन तीन चरणों में किया गया।

पहला चरण 20-21 नवंबर 2024 को लखनऊ विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग में आयोजित किया गया था, जहां जल, जमीन, जंगल, जानवर और जीवन विषय पर 35 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसमें से शीर्ष 10 प्रतिभागियों का चयन अगले चरण के लिए किया गया।

नेपाल में दिल्ली यूनिवर्सिटी को हराकर लवि टीम बनी विजेता

जासं • लखनऊ: त्रिभुवन यूनिवर्सिटी, काठमांडू में आयोजित टी-20 जय नेपाल कप इंटरनेशनल इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट टूर्नामेंट में लखनऊ विश्वविद्यालय की टीम ने अपने पहले मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए दिल्ली विश्वविद्यालय को पांच विकेट से पराजित किया। क्रीड़ा परिषद के महासचिव प्रो. अजय कुमार आर्य ने बताया कि टीम ने किसी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत के साथ सफर की शुरुआत की है।

लखनऊ विश्वविद्यालय के कप्तान आनंद सागर ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। उनकी टीम ने सधी हुई गेंदबाजी और शानदार फील्डिंग का प्रदर्शन करते हुए दिल्ली विश्वविद्यालय को बड़े स्कोर से रोका। दिल्ली विश्वविद्यालय की टीम 20 ओवर में सिर्फ 106 रन बना सकी। लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से कप्तान आनंद सागर ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए तीन ओवर में 15 रन देकर तीन विकेट लिए और टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। सैयद मोहम्मद मेहंदी ने दो और अभिषेक प्रकाश ने एक विकेट झटका। 107 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय की टीम ने पहले ही ओवर में चैक-टू-चैक दो चौके लगाए, लेकिन ओपनर हर्षवर्धन जल्दी आउट हो गए। इसके बाद अक्षोभ वाटप (11 रन) और मनन ने पारी को संभाला। मनन (36 रन) और यशवर्धन सिंह (27 रन) ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए टीम को 18.2 ओवर में जीत दिलाई। यशवर्धन ने विजयी चौका लगाकर मैच खत्म किया। कप्तान आनंद सागर को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर आफ द मैच चुना गया। कप्तान आनंद सागर ने यह जीत लखनऊ विश्वविद्यालय को समर्पित की। लखनऊ विश्वविद्यालय की टीम शुक्रवार को काठमांडू यूनिवर्सिटी के खिलाफ खेलेगी।

त्रिभुवन यूनिवर्सिटी काठमांडू में टी-20 जय नेपाल कप इंटरनेशनल इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट टूर्नामेंट

लवि टीम के कप्तान आनंद सागर को प्लेयर आफ द मैच चुना गया • लवि

TOI PAGE 6

LU's tribute to Netaji on birth anniv

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: Lucknow University celebrated the 128th birth anniversary of Netaji Subhas Chandra Bose on Thursday with a series of patriotic and cultural events.

A tribute was offered at the Netaji Subhas Chandra Bose Hostel where vice-chancellor Prof Alok Kumar Rai garlanded Netaji's statue. Faculty members,

LU VC Prof Alok Kumar Rai garlands Netaji's statue

staff and students joined the ceremony to honour the legacy of the freedom fighter. *Sanskritiki*, the university's cultural board and NCC cadets organised a cultural programme at AP Sen Hall. The event featured patriotic speeches, group performances and artistic tributes that highlighted Netaji's indomitable spirit and his role in India's freedom struggle.

VC said: "Netaji was a hero of Indian history. His thoughts and struggles teach us that self-reliance and determination can achieve any goal." The celebrations reflected unity and reverence, inspiring students to follow Netaji's ideals.

नेताजी सुभाष चंद्र बोस को किया नमन

लखनऊ। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर बृहस्पतिवार को शिक्षण संस्थानों में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। लखनऊ विवि में कुलपति प्रो. आलोक राय ने सुभाष छात्रावास में नेताजी की प्रतिमा को नमन किया। नेताजी सुभाषचंद्र बोस राजकीय डिग्री कॉलेज में प्राचार्य प्रो. रश्मि बिश्नोई ने कॉलेज में नेताजी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। नवयुग कन्या महाविद्यालय में एनएसएस स्वयं सेवकों की उपस्थिति में प्राचार्य प्रो. मंजुला उपाध्याय ने सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण किया। (संवाद)

नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते लविवि के वीसी प्रो. आलोक राय। स्रोत : स्वयं

प्रो. ओंकारनाथ अंग्रेजी के विभागाध्यक्ष बने

लखनऊ। लखनऊ विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने प्रो. ओंकारनाथ को विभागाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी है। कुलपति से अनुमोदन के बाद कुलसचिव ने पत्र जारी किया है। वह पदभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष अथवा अधिवर्षता आयु तक पद पर बने रहेंगे। उन्हें विभाग के सभी शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी हैं। (संवाद)

प्रकृति और कुंभ का बताया महत्व

लखनऊ। लविवि में हैप्पी थिंकिंग लेबोरेटरी और काउंसलिंग एंड गाइडेंस सेल ने लोक भारती के साथ मिलकर आओ नदियों को जानें के तहत कुंभ और प्रकृति पर इंटरफेस का आयोजन किया। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री गोपाल उपाध्याय, राष्ट्रीय संपर्क प्रमुख कृष्ण चौधरी ने कुंभ के प्रकारों, उसके कब होने और खगोलीय, समाजशास्त्रीय, स्वास्थ्य, धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण के बारे में जानकारी दी। (संवाद)

HINDUSTAN PAGE 7

एलयू में कुंभ पर इंटरफेस का आयोजन

लखनऊ। एलयू में हैप्पी थिंकिंग लेबोरेटरी और काउंसलिंग एंड गाइडेंस सेल ने लोक भारती के साथ मिलकर आओ नदियों को जानें के तहत कुंभ और प्रकृति पर एक इंटरफेस का आयोजन किया। अतिथि वक्ता राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री गोपाल उपाध्याय और राष्ट्रीय संपर्क प्रमुख कृष्ण चौधरी रहे। उन्होंने कुंभ के प्रकारों, उसके कब होने और खगोलीय, समाजशास्त्रीय आयाम बताए।

एलयू में प्रो. ओंकार नाथ बने अंग्रेजी विभाग के हेड

लखनऊ। एलयू में अंग्रेजी विभाग का विभागाध्यक्ष प्रो. ओंकार नाथ उपाध्याय को बनाया गया है। इस संबंध में कुलसचिव की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है। कुलसचिव विद्यानंद त्रिपाठी का कहना है कि प्रोफेसर उपाध्याय को उनके दायित्वों का निर्वहन करने के लिए 25 जनवरी से अगले तीन वर्ष की अवधि, अधिवर्षिता आयु पूरी करने या अगले आदेश तक के लिए नियुक्त किया गया है।

श्रद्धालुओं की मदद करेंगे एलयू के छात्र

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में समाज कार्य विभाग के 25 विद्यार्थियों सामगम महाकुंभ मेला 2025 में डिजिटल खोया-पाया केंद्र पहल को मजबूत करने के लिए चुना गया है। यह विद्यार्थी उत्तर प्रदेश सरकार और यूनिसेफ की मदद करेंगे। इस प्रोजेक्ट के मुख्य कार्यकारी समाज कार्य विभाग के प्रो. अनूप कुमार भारतीय को बनाया गया है। उन्होंने बताया कि प्रयागराज में डिजिटल लॉस्ट एंड फाउंड सेंटरों पर मनोवैज्ञानिक समर्थन और सहायता के लिए 25 प्रशिक्षित स्वयंसेवकों को तैनात किया जा रहा है।

i-NEXT PAGE 4

एलयू की टीम राष्ट्रीय युवा संसद में

पर्यावरणीय मुद्दों पर युवाओं को जागरूक किया जाएगा

LUCKNOW (23 JAN): लखनऊ विश्वविद्यालय की टीम 24-25 जनवरी को राजस्थान विधानसभा में आयोजित नेशनल इनवायरमेंट यूथ पार्लियामेंट में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी. गुरुवार को इसके लिए टीम रवाना हो गई. पर्यावरणीय मुद्दों पर युवाओं को जागरूक करना और उनके नेतृत्व कौशल को विकसित करने के लिए उद्देश्य से यह आयोजन किया गया है.

तीन चरणों में चयन

इस राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम के लिए चयन तीन चरणों में किया गया. पहला चरण 20-21 नवंबर 2024 को लखनऊ विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग में आयोजित किया गया था, जहां जल, जमीन, जंगल, जानवर और जीवन विषय पर 35 से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था. इसमें से शीर्ष 10 प्रतिभागियों को उनके प्रदर्शन के आधार पर का चयन अगले चरण के लिए गया. शिक्षा संकाय के अध्यक्ष डा. दिनेश कुमार और नोडल अधिकारी डा. हेमेंद्र कुमार सिंह ने प्रतिभागियों को अग्रिम बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है.

अपने विचार प्रस्तुत किए

चयन के दूसरे चरण में बैठे 12 दिसंबर को लखनऊ विश्वविद्यालय में उत्तर प्रदेश के 18 विश्वविद्यालयों के 200 छात्र-छात्राओं ने प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन पर अपने विचार प्रस्तुत किए. निर्णायक मंडल ने शीर्ष 20 प्रतिभागियों का चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए किया. इनमें लखनऊ विश्वविद्यालय की श्रेया कटियार और अनेश्वरी लक्ष्मी, सीतापुर के मुर्दत मेहरोत्रा और लखनऊ के मयंक पटेल शामिल हैं.

प्रैक्टिकल एग्जाम एक फरवरी को

LUCKNOW: लखनऊ विश्वविद्यालय के मानव विज्ञान विभाग की ओर से बीए और बीएससी तीसरे और पांचवें सेमेस्टर के पुराने पाठ्यक्रम, बचे हुए व छूटे विद्यार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा एक फरवरी को आयोजित की जाएगी. यह परीक्षा सुबह 10:30 बजे से मानव विज्ञान विभाग में होगी. इसमें शामिल होने के इच्छुक विद्यार्थियों को 27 जनवरी तक विभाग के कार्यालय में आवेदन जमा करना होगा. कालेजों के विद्यार्थियों को अपने आवेदन संबंधित प्राचार्य से अग्रसारित करवाने होंगे. केवल उन्ही विद्यार्थियों को परीक्षा में शामिल होने की अनुमति मिलेगी, जिन्होंने समय पर आवेदन जमा किया होगा. छूट प्राप्त और महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के आनलाइन पोर्टल पर 500 रुपये का शुल्क जमा करना होगा.

AMRIT VICHAR PAGE 4

प्रो. ओंकार नाथ उपाध्याय बने अंग्रेजी विभागाध्यक्ष

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग का अध्यक्ष प्रो. ओंकार नाथ उपाध्याय को नियुक्त किया गया है। कुलपति द्वारा उपाध्याय को अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष के दायित्वों का निर्वहन करने हेतु 25 जनवरी की पूर्वान्ह से तीन वर्ष की अवधि अथवा अधिवर्षता आयु प्राप्ति तक अथवा अन्य कोई आदेश होने तक जो भी पहले घटित हो तक के लिए स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।

बीए, बीएससे सेमेस्टर तीन और पांच की परीक्षाएं 1 को

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय की बीए, बीएससी सेमेस्टर एक और तीन एंथ्रोपोलाजी की प्रायोगिक परीक्षाएं एक फरवरी को ली जाएंगी। परीक्षा में जो छात्र शामिल होना चाहते हैं वह संबंधित विभाग में आवेदन देकर अनुमति ले सकते हैं।

राजस्थान रवाना होते लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र और छात्रा। अमृत विचार

लविवि की टीम राजस्थान रवाना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : राजस्थान विधान सभा में नेशनल एनवायरनमेंट यूथ संसद के तीसरे चरण का आयोजन किया गया है। राष्ट्रीय स्तर की युवा संसद के आयोजन में भाग लेने के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय की टीम रवाना हुई है। जिसमें पर्यावरण के मुददे, जल, जंगल और जमीन समेत अनेक मुद्दों पर युवाओं की भागीदारी पर विचार मंथन होगा।

यूथ संसद में प्रतिभाग करने के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय पर्यावरण युवा संसद की टीम राजस्थान विधानसभा के लिए रवाना की गई है। नेशनल एनवायरनमेंट यूथ पार्लियामेंट के पहले चरण का आयोजन लखनऊ विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग में हुई थी। शीर्ष 10 प्रतिभागियों का चयन अगले चरण के लिए किया गया। दूसरा चरण 12 दिसंबर विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग और समाज कार्य विभाग द्वारा संयुक्त रूप से स्टूडेंट्स फॉर डेवलपमेंट और पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के सहयोग से आयोजित किया गया।

SWATANTRA BHARAT PAGE 2

नेताजी भारतीय इतिहास के एक महानायक हैं : कुलपति

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक बोर्ड सांस्कृतिकी और एनसीसी कैडेट्स ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती पर कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय के संरक्षण में कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम की शुरुआत नेताजी सुभाष चंद्र बोस छात्रावास में कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय द्वारा नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुई। छात्रावास के प्रोवोस्ट डॉ.एसपी कन्नौजिया द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रति कुलपति प्रो.मनुका खन्ना, मुख्य के प्रोवोस्ट प्रो.अनूप कुमार सिंह, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो.वीके शर्मा, संस्कृतिकी के निदेशक प्रो.आंचल श्रीवास्तव सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक,कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे। इसके बाद संस्कृतिकी और एनसीसी कैडेट्स द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एपी सेन हॉल में आयोजित हुआ। प्रति कुलपति प्रो.मनुका खन्ना ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया और नेताजी के अदम्य साहस तथा संगठन क्षमता को स्मरण कराया। कार्यक्रम में विविध प्रस्तुतियां दी गईं,जिनमें देशभक्ति विषय पर आधारित भाषण,समूह गान, नाटक और समूह नृत्य शामिल थे।

बच्चों ने नेताजी के जीवन पर डाला प्रकाश

23 जनवरी को शौर्य एवं पराक्रम के प्रबल स्तंभ नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर मनकामेश्वर वार्ड के पार्षद रणजीत सिंह ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस पार्क प्रेरणा मंदिर स्थल पर कार्यक्रम किया। इस आयोजन में प्राथमिक विद्यालय बरौलिया द्वितीय के शिक्षक उबैद अहमद सिद्दीकी बच्चों के साथ शामिल हुए। इसके अलावा सैंकड़ो स्थानीय नागरिकों द्वारा कार्यक्रम में शामिल होकर नेताजी की मूर्ति पर माल्यार्पण करके श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

LOKSATYA PAGE 2

एलयू में मनाई गई भव्य नेताजी सुभाष जयंती

लखनऊ, लोकसत्य। लखनऊ विश्वविद्यालय के सुभाष हॉल में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की भव्य जयंती मनाई गई। कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। प्रति कुलपति प्रो मनुका खन्ना, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो वीके शर्मा, चीफ़ प्राक्टर प्रो राकेश द्विवेदी, चीफ़ प्रोवोस्ट प्रो अनूप कुमार सिंह, कुलसचिव विद्यानंद त्रिपाठी एवं सुभाष हॉल के प्रोवोस्ट डॉ एसपी कन्नौजिया एवं अन्य शिक्षकों, कर्मचारियों तथा छात्रों ने भी नेताजी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किये।

टीम लविवि ने दिल्ली विवि को दी शिकस्त

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः नेपाल के त्रिभुवन यूनिवर्सिटी काठमांडू में खेले जा रहे टी-20 जय नेपाल कप इंटरनेशनल इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट टूर्नामेंट में लखनऊ विश्वविद्यालय की टीम ने अपने पहले ही मैच में दिल्ली विश्वविद्यालय के पसीने छुड़ाते हुए इंटरनेशनल टूर्नामेंट में अपनी विजय का श्रीगणेश किया है। विश्वविद्यालय के क्रिकेट टीम के कप्तान आनंद सागर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और सधी हुई गेंदबाजी करते हुए दिल्ली विश्वविद्यालय के बल्लेबाजों को अपनी गेंदबाजी एवं फील्डिंग से बड़े स्कोर करने से रोका। दिल्ली यूनिवर्सिटी की टीम 20 ओवर में महज 106 रन पर ही सिमट गई। लखनऊ विश्वविद्यालय के गेंदबाजों ने दिल्ली विश्वविद्यालय के छह विकेट झटक लिए। लखनऊ विश्वविद्यालय की टीम से सबसे ज्यादा विकेट कप्तान आनंद सागर ने लिए।

लखनऊ विश्वविद्यालय की टीम से सबसे ज्यादा 36 रन मनन कांडपाल और 27 रन यश वर्धन सिंह ने बनाया। 3 ओवर में 15 रन देकर 3 विकेट लेने पर कप्तान आनंद सागर को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। पोस्ट मैच प्रेजेंटेशन में लखनऊ विश्वविद्यालय के कप्तान आनंद सागर ने पहली जीत कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय को समर्पित की क्योंकि यह टीम उनके कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में खेल रही है। क्रीड़ा परिषद के महासचिव प्रो. अजय कुमार आर्य ने समस्त टीम के खिलाड़ियों और टीम मैनेजमेंट को बधाई और अगले मैच के लिए शुभकामनाएं दी।

लखनऊ विश्वविद्यालय की क्रिकेट टीम में शामिल खिलाड़ी। अमृत विचार

नेताजी सुभाष चंद्र बोस को नमन करते कुलपति डॉ. आलोक कुमार राय।

लविवि : नेता जी को जयंती पर किया गया याद

अमृत विचार, लखनऊः लखनऊ विश्वविद्यालय के सुभाष हॉल में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। प्रति कुलपति प्रो. मनुका खन्ना, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. वीके शर्मा, चीफ़ प्राक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी, चीफ़ प्रोवोस्ट प्रो. अनूप कुमार सिंह, कुलसचिव विद्यानंद त्रिपाठी एवं सुभाष हॉल के प्रोवोस्ट डॉ. एसपी कन्नौजिया एवं अन्य शिक्षकों, कर्मचारियों तथा छात्रों ने भी नेताजी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किये।

महाकुम्भ : लविवि यूनिसेफ के साथ मिलकर प्रदेश सरकार के खोया-पाया केंद्र पर करेगा सहयोग

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग को विश्व के सबसे बड़े धार्मिक समागम महाकुंभ मेला 2025 के दौरान खोया पाया (डिजिटल खोया-पाया केंद्र) पहल को मजबूत करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार और यूनिसेफ के साथ सहयोग कर रहा है। लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर इस प्रोजेक्ट के मुख्य कार्यकारी समाज कार्य विभाग के प्रोफेसर डॉ. अनूप कुमार भारतीय हैं। प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी, 2025 तक आयोजित होने वाले महाकुंभ मेले में 45 दिनों में लगभग 35 करोड़ प्रतिभागियों के शामिल होने की उम्मीद है। इस आयोजन में सभी लोगों, विशेष रूप से कम जोर समूहों जैसे बच्चों, विकलांग व्यक्तियों, महिलाओं और बुजुर्गों की सुरक्षा, संरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए सावधानीपूर्वक योजना और क्रियान्वयन की जरूरत है। जिसके लिए यूनिसेफ के सहयोग से उत्तर प्रदेश सरकार ने खोया पाया (डिजिटल खोया-पाया केंद्र) की स्थापना की है जो पूर्णतः नवीन प्रौद्योगिकी से लैस है।

प्रो. अनूप कुमार भारतीय ने बताया कि यूनिसेफ, डीडब्ल्यूसीडी और मेला अधिकारी कार्यालय की सहायता करने वाली ई एंड वाई टीम के सहयोग से, इस साझेदारी का उद्देश्य बाल संरक्षण तंत्र को बढ़ाना और आयोजन के दौरान परिवार से अलग होने से उत्पन्न चुनौतियों का समाधान करने के लिए प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित और आसान बनाना है। इस पहल के तहत प्रयागराज में डिजिटल लॉस्ट एंड फाउंड सेंटरों पर मनोवैज्ञानिक समर्थन और सहायता प्रदान करने के लिए 25 प्रशिक्षित स्वयंसेवकों को तैनात करते हुए स्वयंसेवकों को लगातार दो दिन प्रशिक्षित मनोवैज्ञानिकों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। स्वयंसेवकों को मानवीय दृष्टिकोण अपनाने, आघात और आपातकालीन प्रतिक्रियाओं को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के लिए विशेष रूप से प्रशिक्षित किया गया है। खोया-पाया केंद्र अलग-अलग व्यक्तियों और आयु वर्गों के लोगों के लिए सुरक्षित वातावरण प्रदान करेंगे, उनकी सुरक्षा, बुनियादी जरूरतों और मनोवैज्ञानिक कल्याण को सुनिश्चित करेंगे, साथ ही सहानुभूति और डिजिटल सटीकता के साथ परिवार का पता लगाने में मदद करेंगे। उन्होंने बताया कि विशेष रूप से मौनी अमावस्या, बसंत पंचमी, माघी पूर्णिमा और महाशिवरात्रि जैसे महत्वपूर्ण दिनों पर तीर्थयात्रियों की भारी भीड़ के लिए हमें सावधानीपूर्वक योजना और क्रियान्वयन की आवश्यकता है। जिसके लिए हमने चरणबद्ध तरीके योजना बनाकर लापता व्यक्तियों को उनके परिवारों से मिलाने की सफलता दर को बढ़ाने के लिए निरंतर निगरानी और गुणवत्ता आश्वासन लागू किया है, जिससे सभी उपस्थित लोगों की सुरक्षा और गरिमा सुनिश्चित होगी।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

लविवि में मनायी गयी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लविवि के सांस्कृतिक बोर्ड संस्कृतिकी और एनसीसी कैडेट्स के तत्वावधान में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 124वीं जयंती पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम गुरुवार को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के संरक्षण में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम की शुरूआत सुबह नेताजी सुभाष चंद्र बोस छात्रावास में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय द्वारा नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुई। छात्रावास के प्रोवोस्ट डॉ. एसपी कन्नौजिया द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के अवसर पर प्रतिकुलपति प्रो. मनुका खन्ना, मुख्य प्रोवोस्ट प्रो. अनूप कुमार सिंह, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. वीके शर्मा, सांस्कृतिकी के निदेशक प्रो. आंचल श्रीवास्तव सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे।

'संस्कृतिकी' और एनसीसी कैडेट्स द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एपी सेन हॉल में आयोजित किया गया। प्रति कुलपति प्रो. मनुका खन्ना ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया और नेताजी के अदम्य साहस तथा संगठन क्षमता को स्मरण करवाया। कार्यक्रम में विविध प्रस्तुतियां दी गईं, जिनमें देशभक्ति विषय पर आधारित भाषण, समूह गान, नाटक, और समूह नृत्य शामिल थे। छात्रों ने नेताजी के आदर्शों और देशभक्ति के संदेशों को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत किया। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने नेताजी के विचारों और संघर्षों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने का संदेश भेजा। यह कार्यक्रम देशभक्ति की भावना को जागृत करने और छात्रों को नेताजी के सिद्धांतों से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के दौरान प्रो. आंचल श्रीवास्तव, निदेशक सांस्कृतिकी ने अपने संदेश में कहा कि संस्कृतिकी ऐसे आयोजनों के माध्यम से छात्रों में देशभक्ति, नैतिक मूल्यों और सांस्कृतिक चेतना को जागृत करने का प्रयास करता है। उन्होंने प्रति कुलपति प्रो मनुका खन्ना का धन्यवाद करते हुए एनसीसी कैडेट्स को शानदार प्रदर्शन एवं अनुशासन की प्रशंसा की। इस आयोजन ने न केवल नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को यादगार बनाया, बल्कि छात्रों में सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों को भी प्